तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 25 नवंबर 2025



11 हड़ताल समाप्त, अमोड़ा केंद्र में 1089 ...





11 सीजी पीएससी में चयनित जिले के 7 युवकों का कलेक्टर...






## खबर संक्षेप

### दो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज



**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने 22 नवंबर को पीव्ही 46 और पीव्ही 41 में छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो को पकड़ा और अबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया। पीव्ही 46 निवासी 45 वर्षीय बंकिम राय अपने दुकान में लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही दूसरी कार्यवाही में मटोली निवासी 18 वर्षीय राकेश कुमार सार्वजनिक स्थाना में शराब का सेवन कर रहा था, जिसके खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत गुभड़ी निवासी 21 वर्षीय निर्मल उसेंडी ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। लोहत्तर निवासी राजकुमार उसेंडी ने पुलिस को बताया कि 23 नवंबर को मृतक शराब के नशे में जहर का सेवन कर लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। मृतक ने जहर क्यो खाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारणअज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत देहारीपारा निवासी 27 वर्षीय निमेश राणा ने 23 नवंबर को दोपहर डेढ़ बजें ग्राम बारदा में लोहे के एंगल में नायलोन रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्राम बड़ा देहारी निवासी 52 वर्षीय जैनुलाल राणा ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 46 निवासी 25 वर्षीय प्रहलाद समदार का डूबने से मौत हो गया। पीव्ही 46 निवासी 24 वर्षीय विप्लव समदर ने पुलिस को बताया कि मृतक का बचपन से दिमागी हालत सही नही था। वह 20 नवंबर से गायब था। दो दिन बाद 23 नवंबर को उसका शव खेत के डबरी में मृत अवस्था में मिला। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कृषि कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता 26 से होगी

**कांकेर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट में 26 से 29 नवम्बर तक दक्षिण क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. कर्नल गिरीश चंदेल तथा कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर मौजूद रहेंगे।

# धान कटाई में हार्वेस्टर के उपयोग से किसानों को राहत, मजदूरों की कमी का असर-बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हार्वेस्टर मशीनों की बढ़ती मांग से किसानों को मजदूरों की कमी और महंगी मजदूरी की समस्या से राहत मिली है। हार्वेस्टर मशीन कटाई का काम तेजी से करती हैं, जिससे खेती की लागत कम होती है और यह पारंपरिक श्रम-आधारित तरीकों से कहीं ज्यादा कुशल है। इन दिनों धान की फसल की कटाई का कार्य तेजी से हो रहा है। किसानो के सामने मजदूरों की कमी बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। जिस किसान को मजदूर नही मिल रही है, वह अपनी फसलों को लेकर जद्दोजहद करते नजर आ रहे है तथा छोटे किसान विवश होकर अपने पूरे परिवार के साथ फसल की कटाई के कार्य में लगा है। आसमानी आफत से अपनी फसल को बर्बाद होने से बचाने के लिए जल्दबाजी में अपनी फसलें समेटने की होड़ लगी है। जिस किसान को फसल समेटने की जल्दी है, उसे मजदूर को मुंहमांगे मजदूरी देनी पड़ती है। मजदूरों की कमी से जूझ रहे किसानों को हारवेस्टर मशीनें इस सीजन में संजीवनी साबित हो रही हैं। कटाई का समय तेज होने के साथ-साथ मौसम संबंधी जोखिम भी कम हो रहा है। किसानों और कृषि विभाग दोनों का मानना है कि आधुनिक कृषि उपकरण आने वाले समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगे और खेती को अधिक सुविधाजनक बनाएंगे।

### पुरूष श्रमिकों की रोजी 300

किसान जनक साहू, दुर्गेश साहू, धर्मेंद्र साहू, चिंता राम साहू ने बताया कि वर्तमान समय में पुरुष मजदूर का देहारी बढ़ कर 300 रुपएं हो गई है तथा महिला मजदूर की देहारी भी कम नही है। महिला मजदूरों का देहारी करीबन 200 रुपएं रूएं हो गया है। खरीफ सीजन के अंतिम चरण में कृषि कार्य तेजी पर है, ऐसे में मजदूरों की कमी से जूझ रहे किसानों को इस बार हारवेस्टर मशीनों ने बड़ी राहत दी है। जिले में इस वर्ष हारवेस्टर की मांग रिकॉर्ड स्तर पर देखी जा रही है। लगातार बढ़ती मजदूरी, पलायन के कारण उपलब्ध श्रमिकों की संख्या में कमी और कटाई का समय सीमित होने से किसान मशीनों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि मजदूरों की कमी के चलते हर साल कटाई के समय बड़े संकट का सामना करना पड़ता था। साथ ही अचानक मौसम बदलने का जोखिम भी खेत में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा देता है। ऐसे में हारवेस्टर मशीनें कम समय में अधिक खेतों की कटाई कर किसानों की परेशानी कम कर रही हैं।

### छोटे किसान परिवार सहित कटाई में जुटे



### समय की भी हो रही बचत

एक हारवेस्टर मशीन प्रतिदिन लगभग 7 से 8 एकड़ धान की कटाई कर सकती है, जो मजदूरों द्वारा किए जाने वाले कार्य की तुलना में काफी तेज है। इसकी वजह से खेतों में फसल सुरक्षित समय पर कट पा रही है। किसान भी श्रमिकों पर निर्भरता कम होने से राहत की सांस ले रहे हैं। धान कटाई के जल्दी हो जाने से खाली खेत पर किसान अन्य फसल की बुआई करेंगे जो किसानो की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा।

## संकट : बारदाने इतने खराब हैं कि उन्हें इस्तेमाल करने में भी है जोखिम

# धान खरीदी केंद्रों में फटे-पुराने बारदानों से बढ़ीं मुश्किलें, मिलरों की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही/कांकेर

- खरीदी प्रक्रिया प्रभावित होगी और किसानों को भारी होगा नुकसान



धान खरीदी केंद्रों में इस बार राइस मिलरों की गंभीर लापरवाही सामने आई है। केंद्रों में भेजे जा रहे बारदानों की गुणवत्ता इतनी खराब है कि किसानों को खरीदी प्रक्रिया के दौरान भारी परेशानियाँ उठानी पड़ रही हैं। किसानों से लेकर सहकारी समिति के कर्मचारियों तक सभी ने मिलरों द्वारा सप्लाई किए जा रहे फटे-पुराने और धान भरने लायक भी नहीं रहने वाले बारदानों पर कड़ा एतरज जताया है।

लैम्प्स बासनवाही में धान भरने के लिए लाए गए बारदानों की गुणवत्ता बेहत ही खराब है। खराब बारदानो से किसानो को काफी परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। किसान लखन लाल साहू का कहना है कि हर वर्ष बारदानों की समस्या आती रही है, लेकिन इस बार स्थिति बेहद गंभीर है। बारदानों की मोटाई, मजबूती और सिलाई सभी मानकों से बिल्कुल बाहर हैं। कई बारदाने इतने पुराने हैं कि उन्हें उठाते ही सिलाई टूट जा रही है। सहकारी विभाग के कर्मचारियों ने भी स्वीकार किया कि राइस मिलरों द्वारा भेजे गए बारदाने मानक के अनुरूप नहीं हैं। कर्मचारियों के अनुसार, कई बारदाने तो इतने खराब हैं कि उन्हें इस्तेमाल करने में भी जोखिम है, फिर भी मजबूरी में इन्हीं के सहारे खरीदी का काम आगे बढ़ाया जा रहा है। किसानों और कर्मचारियों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर राइस मिलरों द्वारा सप्लाई किए जा रहे बारदानों की सख्त जांच कराए। साथ ही मानक के अनुसार नए, मजबूत और उपयोगी बारदाने उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए, ताकि धान खरीदी सुचारु रूप से जारी रह सके और किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि समय पर समाधान नहीं किया गया, तो खरीदी प्रक्रिया प्रभावित होगी और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

### खराब बारदानों से किसान परेशान

किसान थानसिंग साहू ने बताया कि केंद्र पर भेजे गए अधिकांश बारदाने बेहद घटिया गुणवत्ता के हैं। धान का वजन भरते ही कई बारदाने फट जा रहे हैं, जिससे धान के बिखरने और नुकसान का खतरा बना रहता है। बारदाने फटने के कारण तुलाई बार-बार रुकती है, जिससे समय और मेहनत दोनों की बर्बादी हो रही है।

### खरीदी की रफ्तार धीमी

लेम्प्स बासनवाही के प्राधिकृत अधिकारी एवं अध्यक्ष कमलेश नेताम ने बताया कि धान खरीदी शुरू हुए 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन खरीदी अभी भी गति नहीं पकड़ पा रही है। सोसायटी के कर्मचारी हड़ताल खत्म कर काम पर लौट आए हैं, फिर भी राजस्व विभाग द्वारा खरीदी का चार्ज न दिए जाने के कारण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

# एक ही परिवार के दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत से गांव में पसरा मातम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम उड़कुड़ा में दो मासूम बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गया। घटना की घबर जैसे ही परिजनों का मिला उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में मातम छा गया।

उड़कुड़ा में रविवार को हुई दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया। दोनो बच्चे कक्षा दूसरी के छात्र थे। रविवार को स्कूल का अवकाश होने के कारण गांव के जोगी गुफा के पास स्थित तालाब में खेलने के लिए गए थे। खेलने के दौरान दोनो तालाब के गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। दोनो बच्चे एक ही परिवार के थे। दोनो बच्चे ग्राम उड़कुड़ा निवासी 6 वर्षिय लोमेश जुर्री और आयुष जुर्री है। परिजनों के अनुसार यह घटना शाम लगभग 4 बजे के आस पास का है। दोनो बच्चे खेलते-खेलते तालाब के पास पहुंचे। लोमेश और आयुष पानी में उतरकर खेलने लगे। दोनों खेलते-खेलते गहरे पानी में चले गए। कुछ देर बाद भी जब वे पानी से बाहर नहीं आए वहां पर मौजूद एक अन्य बच्चा जोर जोर से रोने लगा। बच्चे की आवाज सुनकर ग्रामीण तालाब की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने दोनो बच्चों को तालाब में देखा और किसी तरह उन्हे तालाब से बाहर निकालाकर अस्पताल ले गए। घटना की जानकारी चारामा थाना पुलिस दिया गया। मासूमों को तुरंत चारामा अस्पताल लाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। बच्चों के मौत होने कि जानकारी जैसे ही परिजनों को मिला तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव मातम पसर गया।

# खड़े ट्रैक्टर को लगाई आग अज्ञात आरोपी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर से सटे ग्राम पटौद में किसी अज्ञात ने गांव में खड़ी एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। घटना रात लगभग दो बजें का है। थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम पटौद में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के सामने खड़ी ट्रैक्टर में अचानक आग भड़क उठी। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक्टर में आग लगाई और मौके से फरार हो गया। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गई। घटना के दौरान आस-पास के लोग घरों से बाहर निकल आए। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वाहन का आधे से ज्यादा हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था। बताया जा रहा है की यह घटना 21 नवंबर की देर रात का है। ग्रामीणों ने किसी तरह पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वाहन का आधे से ज्यादा हिस्सा जल चुका था।



# सात दिवसीय एनएसएस शिविर में अनुशासन की छात्रों को मिली सीख

**चारामा।** चारामा के शाउमावि पुरी एवं शाउमावि कोटतरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत परसोदा के ग्राम सरपंच दशरथ केमरो के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य की अध्यक्षता में शुंभारम्भ हुआ। इस शिविर में कुल 100 स्वयं सेवकों ने भाग लिया है। सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं सेवको में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल, श्रम के प्रति सम्मान, समय प्रबंधन एवं विभिन्न प्रकार की गुणों का विकास किया जाएगा। प्रतिदिवस योगाभ्यास के माध्यम से सवयं सेवकों की शारीरिक विकास एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में फैली कुरितियों जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा, अंधविश्वास एवं नशाखोरी से संबंधित बुराईयों का नाटकों के माध्यम से प्रर्शन कर जनजागरूकता ला कर उन्हे दूर का प्रयास ▶▶| शेष पेज 10 पर

# हर हफ्ते बदल रहे सब्जियों के दाम बंपर आवाक पर खपत है ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के चिल्हर बाजारों में हरी सब्जियों के दामों में लगातार उतार-चढ़ाव से आम उपभोक्ता परेशान हैं।

- आम उपभोक्ता और गृहिणियां हलाकान



हर सप्ताह कीमतें कभी अचानक नीचे गिर जाती हैं तो कभी आसमान छूने लगती हैं। आवक अच्छी होने के बावजूद खपत अधिक रहने से कई सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं।

सब्जी विक्रेता ने बताया कि अंचल क्षेत्र से इस समय हरी सब्जियों का बंपर उत्पादन हो रहा है। बाजार में सब्जियों की कमी नहीं है, किंतु ठंड के मौसम में हरी सब्जियां लोगों की पहली पसंद होने से उठाव बढ़ गया है और इसी कारण रेट ऊपर जा रहे हैं। रविवार को शहर की इतवारी बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई, लेकिन बढ़े हुए दामों ने खरीददारों को मायूस कर दिया। इस सप्ताह कई हरी सब्जियों के दामों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। बाजार में मुनगा 120 रुपएं किलो, मेथी भाजी, मटर, कुम्हड़ा, हरा धनियां 100 रुपएं किलो, जबकि करेला, बरबटी, भिंडी, ग्वारपल्ली, गोभी, शिमला मिर्च, लौकी 80 रुपएं किलो रही। कुंदरू, परवल और सेमी, पालक भाजी, लाल भाजी 60 रुपएं किलो, वहीं भाटा, गाजर, टमाटर, तोरई, डोड़का, कोचई और देसी सेमी 60 रुपएं किलो बिके। अनाज और मसालों में आलू प्याज 25, शक्कर 50, गुड़ 60, हल्दी और मिंच 150 से 200, मिर्ची 180, धनिया 120 से 150, जीरा 250, काली मिर्च 800, लहसुन 120 रुपएं किलो रहा। तेल में रिफाइंड सनफ्लावर 130, सरसों खड़ी 85, मेथी 80 ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खुलेआम लोग खेल रहे, नहीं है किसी का डर

# लूडो और कैरम के जरिए खुलेआम जुआ मोबाइल पर भी होता है हार-जीत का दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- इस पर कार्रवाई के लिए कानूनी प्रावधान जरूरी




एक समय था जब लूडों, कैरम, सॉप सिढ़ी और मारियों गेम लोकप्रिय हुआ करता था, जो ज्यादातर लोगों के लिए टाईम पास करने का सबसे बढ़िया जरिया था, लेकिन पिछले कुछ सालों में लोग इन्हे भूल गए थे, जिसे इन्टरनेट ने गेम को दोबारा जिंदा कर दिया है। इन्टरनेट में गेम के आते ही लोगों ने इस का सीधा दुरूपयोग करते हुए जुआं खेलना शुरू कर दिया है, परंतु प्रमाण नहीं होने से कोई कार्यवाही भी नहीं हो पाती है।

इन्टरनेट पर गेम के अलग-अलग वर्जन है, जिसे यूजर्स अपने मोबाईल में डाऊनलोड कर रहे है। खासकर लूडों काफी पसंद किया जा रहा है। लोग कहते है कि वे जब यह गेम खेलते है तो उन्हे 90 का दौर याद आ जाता है। उस समय लोग एकत्र होकर घर में लूडों या सॉप सीढ़ी खेलते-खेलते पूरा दिन बिता देते थे। स्मार्ट फोन में गेम आते ही फिर वहीं दौर वापिस आ गया है। लोग प्रोफेशनल्स फ्री टाईम में हो या घर में बच्चों के साथ इस गेम को बढ़ी मस्ती के साथ खेलते हुए समय बिताते थे, पर यही गेम जुआरियों के हाथों पहुंचते हुए जुआ का रूप ले लिया है, जिसे जुआ सिद्ध करना भी मुश्किल है। शहर के भीड़भाड़ और एकांत ईलाके में तीन से चार लोग मोबाईल लेकर ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पुलिस भी नहीं कर पा रही कार्रवाई

ताश से जुआं खेलना व सट्टे की जानकारी मिलने पर पुलिस विभाग सीधे जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करती है, पर सार्वजनिक जगह पर लूडों खेलने के दौरान यह पता नहीं चल पाता कि सामने वाला जुआं खेल रहा है या फिर सामान्य गेम खेल रहा है। सामान्य गेम कब जुआं का रूप ले लेता है, इसका पता भी नहीं चल पाता। इसीलिए पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर पा रही है।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



## खबर संक्षेप

### सहायक शिक्षक निलंबित और विभागीय जांच के आदेश जारी

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत प्राथमिक शाला बोटेचांग में पदस्थ सहायक शिक्षक के विरुद्ध आखिरकार जिला शिक्षा अधिकारी को सख्त कदम उठाना पड़ा।



मिली जानकारी के अनुसार सहायक खेमनलाल बर्मन को कई बार स्कूल परिसर में शराब के नशे में उपस्थित पाया गया। इतना ही नहीं, नशे की हालत में स्कूल समय में ही कक्षा, कक्ष में सो जाने जैसी घटनाएँ बार-बार सामने आती रहीं। विद्यालय प्रबंधन एवं संकुल समंयवकों द्वारा उन्हें कई बार समझाइश दी गई। शाला प्रबंधन समिति ने भी चेतावनी देते हुए शिक्षकीय दायित्वों के निर्वहन को लेकर गंभीर होने की सलाह दी। किंतु शिक्षक द्वारा अपने व्यवहार में किसी भी प्रकार का सुधार नहीं लाया गया। अंततः जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने निर्णायक कदम उठाते हुए शिक्षक के निलंबित करने का आदेश जारी किया है। आदेश के तहत निलंबन अवधि में उनकी सेवाएं खंड शिक्षा कार्यालय कोयलीबेड़ा के अधीन रहेंगी तथा विभागीय जांच की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी। शिक्षा विभाग का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसलिए किसी भी हाल में ऐसे शिक्षकों को बख्शा नहीं जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता दिसंबर में

**दुर्गुकोंदल।** युवा क्रिकेट क्लब चाहचाड़ के तत्वाधान में ग्राम चाहचाड़ में सात दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बड़े 5 से 11 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। क्षेत्र के सभी पंचायत स्तरीय टीमें भाग ले सकेंगी। आयोजकों ने सभी टीमों को सादर आमंत्रित करते हुए कहा है कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, आपसी सौहार्द और प्रतिभा को बढ़ावा देना है।

### आज से शुरू होगी कोकड़ी में मक्का खरीदी

**कोण्डागांव।** माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोकड़ी द्वारा संचालित ईथेनॉल प्लांट परिसर में 25 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक अंशधारी किसानों से 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर मक्का खरीदी जाएगी। सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार होगी खरीदी – खरीदी केवल सोमवार से शुक्रवार तक कारखाना स्थल कोकड़ी में ही की जाएगी।

पेज 09 के शेष...

### सात दिवसीय एनएसएस...

करेंगें। इस ध्येय के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन में शाउमावि पुरी एवं कोटतरा के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्राम परसोदा के गणमान्य पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### हर हफ्ते बदल...

रही। दालों में अरहर 120, मूंग 110, उड़द 120, मसूर 90, चना देसी 75, काबुली चना 120-140, मटर सफेद 60, हरा मटर 100, चना दाल 85, पोहा 45, खड़ा मसूर 80 रुपए किलो, जबकि अंडा 90 रुपएं दर्जन रहा। गृहिणी जगमोतिन पटेल, जाश्मिन पटेल, सुरेखा और ने कहा कि हर हफ्ते बढ़ते दामों से रसोई का बजट बिगड़ रहा है। सब्जियां छूना मुश्किल होता जा रहा है। रोजमर्रा की जरूरतों पर भी अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

### लूडो और कैरम...

लूडो गेम खेलते हुए नजर आ जाते है, जिसमें ज्यादातर लोग इस गेम को जुआ के रूप में खेलते है व पैसों का दाँव लगाते है, परंतु कोई प्रमाण नहीं होने पर इन पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाती है। संभ्रात लोग भी सार्वजनिक जगहों पर इस खेल को खेलते हुए मिल जाएंगे, जिसका बुरा असर सीधें बच्चों पर पड़ रहा है।

---

**आयोजन : जिले के अंतिम छोर कोरमेल में पोषण अभियान में कराया गया भोज**

# कलेक्टर ने बच्चों को अपने हाथों से परोसा न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

विकासखंड कोण्डागांव के सुदूर ग्राम कोरमेल की प्राथमिक शाला में राज्य शासन के पोषण अभियान के तहत न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल के जन्मदिन के अवसर पर रखा गया था। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने स्वयं बच्चों की पंक्तियों में जाकर फल, खीर–पूरी परोसी और हर बच्चे से प्यार भरे अंदाज में पढ़ाई, मध्यान्ह भोजन व नियमित स्कूल आने की जानकारी ली। उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार से बच्चे, अभिभावक और ग्रामीण बेहद प्रसन्न दिखे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक शाला की खस्ताहाल छत देखी और संकुल समन्वयक को तुरंत मरम्मत प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के बाद कलेक्टर ने ग्राम पंचायत में चल रहे एस.आर.आर. कार्योंं और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

### सरपंच, पंच, अभिभावक और अधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सनमति कश्यप, उपसरपंच दिनूराम कश्यप, श्रीमती सुकटी कश्यप, तहसीलदार मर्दापाल विजय प्रताप सिंह, एपीसी महेन्द्र कुमार सागर, बीआरपी अशोक कुमार साहू, संकुल प्राचार्य नीलम सिंह ठाकुर, पटवारी घनश्याम कश्यप, संकुल समन्वयक राजमन कश्यप सहित कधुर और खड़पड़ी संकुल के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने केशकाल में किया छात्रावासों व विद्यालयों का औचक निरीक्षण



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने केशकाल विकासखंड के ग्राम खालेमूरवेंड में नवनिर्मित प्री–मैट्रिक बालक एवं कन्या छात्रवास का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, डाइनिंग रूम में फर्नीचर, शेड निर्माण सहित अन्य सुविधाएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। छात्रवास को आदर्श बनाने के लिए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने को कहा। सेजेस विद्यालय खालेमूरवेंड पहुंचकर कलेक्टर ने बच्चों से पढ़ाई को लेकर सवाल–जवाब किए। सही उत्तर देने वाले छात्र को प्रोत्साहन स्वरूप अपना पेन भेंट किया और सभी बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। स्मार्ट क्लास व कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा देने के सख्त निर्देश दिए।

**कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय में छात्राओं से की मुलाकात :** केशकाल स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कलेक्टर ने छात्रओं से पढ़ाई–लिखाई और सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। निर्माणाधीन नए छात्रवास भवन का जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को शेष कार्य तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए।

### सभी संस्थानों में स्टडी रूम, खेल मैदान व अन्य मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य करने के आदेश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी छात्रवासों एवं विद्यालयों में कंप्यूटर रूम, स्टडी रूम, डाइनिंग रूम और खेलकूद की व्यवस्था को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी कमियां तत्काल दूर करने और बच्चों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम केशकाल आकांक्षा नायक, तहसीलदार गणेश सिदार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने विधानसभा क्षेत्र–84 नारायणपुर आंशिक के दूरस्थ ग्राम कोरमेल में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य का सघन निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर मौजूद बीएलओ से कार्य की प्रगति जानी और समय–सीमा में त्रुटिरहित सत्यापन तथा 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए। श्रीमती पन्ना ने ग्रामवासियों से एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करने और अपने नाम, पता एवं अन्य विवरण सही कराने की अपील की ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे। ज्ञात हो कि निर्वाचक नामावली को पूरी तरह अद्यतन, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 4 दिसंबर 2025 तक जिले भर में चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मर्दापाल विजय प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी बीएलओ को गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

---

## जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में 58.48 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में मतदाता सूची के सत्यापन के लिए 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य जारी है। इसी तारतम्य में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रांतर्गत बीएलओ मतदाताओं के घरों में जाकर सत्यापन का कार्य तेजी से कर रहे हैं। यह कार्य आगामी 04 दिसम्बर तक चलेगा।

जिले के अंतागढ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79, भानुप्रतापपुर-80 और कांकेर-81 में कुल 734 बीएलओ द्वारा निर्वाचक गणना प्रपत्रों का 99.31 प्रतिशत वितरण पूर्ण हो चुका है और साथ ही जिले में प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य भी तेजी से चल रहा है, जिसका अब तक 58.48 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी बीएलओ को एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 05 लाख 69 हजार 601 मतदाता पंजीकृत है, इनमें से अब तक 03 लाख 33 हजार 92 मतदाताओं के घर-घर जाकर निर्वाचक गणना प्रपत्रों का वितरण एवं सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है, जिसमें अंतागढ़ विधानसभा अंतर्गत 01 लाख 08 हजार 780 मतदाता, भानुप्रतापपुर में 01 लाख 26 हजार 793 और कांकेर में 97 हजार 519 मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 60.32 प्रतिशत, भानुप्रतापपुर में 61.87 तथा कांकेर विधानसभा क्षेत्र में 52.90 प्रतिशत यानी औसतन 58.48 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य जिले में सम्पन्न हो चुका है तथा शेष मतदाताओं के सत्यापन हेतु 2003 की मतदाता सूची से मिलान कर एसआईआर का कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है।




### जिला ओबीसी महासभा महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनीं मंजू

**चारामा।** ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के प्रवास के दौरान विश्राम गृह चारामा में संक्षिप्त बैठक रखा गया, जिसमें महिला मोर्चा के पदाधिकारियों का गठन किया गया।

नवनियुक्त सभी पदाधिकारी ने ओबीसी की जातिगत जनगणना, छत्तीसगढ़ में लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण, मंडल कमीशन की समस्त अनुशंसाओं को पूर्णता लागू किए जाने, क्रीमी लेयर की दायरा बढ़ाए जाने, 50 प्रतिशत कैपिंग की बाध्यता खत्म किए जाने एवं ओबीसी हित संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बहुत जल्दी लामबंद होंगे। मनोनीत पदाधिकारी जिला अध्यक्ष मंजु सोनकर, जिला उपाध्यक्ष सविता सोनकर, जिला महा सचिव धारीनि साहू, चारामा ब्लॉक अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजु नाग, ब्लॉक उपाध्यक्ष नंदनी यादव, ब्लॉक महासचिव सुमन साहू एवं ओम प्रकाश सोनकर को चारामा ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर ओबीसी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भगवती सोनकर, बालोद नगर अध्यक्ष सतीश यादव, चारामा पार्षद कमलेश रानू सेन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का अबीर गुलाल लगा शुभकामनाएं दी गई।

## बच्चों का भविष्य दांव पर, सुशासन तिहार कुकुर भगाओ तिहार में बदला : सुनाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार और शिक्षा विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को पढ़ाने के बजाय आवारा कुत्तों की निगरानी, रिपोर्टिंग और उनका आंकड़ा जुटाने जैसे गैर-शैक्षणिक कार्य सौंपे जा रहे हैं, जो पूरी तरह गलत है और सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है।

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनाराम तेता ने कहा कि सरकार शिक्षकों को बहुउद्देश्यीय कर्मचारी मान चुकी है। कभी सर्वे, कभी चुनावी काम, कभी रैली और अब कुत्ता भगाने का अभियान इन सबके बीच शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा सुशासन के



नाम पर सरकार अब कुकुर भगाओ तिहार मना रही है, क्या यही शिक्षा सुधार है। ऐसे आदेशों के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। जब शिक्षक कक्षाओं से बाहर रहेंगे और जानवरों की गिनती या निगरानी में लगेंगे, तो पढ़ाई कैसे सुधरेगी।

उन्होंने कहा कि यह नीति दर्शाती है कि सरकार नहीं चाहती कि बच्चे मजबूत शिक्षा प्राप्त करें, क्योंकि जागरूक युवा ही सरकार से सवाल पूछते हैं। शिक्षा विभाग का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि सरकार चाहती है कि बच्चे पढ़ाई से दूर रहें और युवाओं में बेरोजगारी कायम रहे। यह शिक्षा को कमजोर करने की नीति है। सुनाराम तेता ने मांग की कि शिक्षकों को केवल शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाए। यदि आवारा कुत्तों से संबंधित कोई विशेष अभियान चलाना है तो इसके लिए नगर निगम, पंचायत, पशु विभाग या सुरक्षा कर्मियों की अलग व्यवस्था की जाए।

शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ने के लिए होते हैं, ना कि आवारा कुत्तों का पीछा करने के लिए। सरकारी स्कूल पहले ही संसाधनों और स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं, ऐसे आदेश स्थिति को बदतर कर देंगे।

## शिक्षकों पर आवारा कुत्तों की निगरानी का जिम्मा अनुचित

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शिक्षकों को स्कूल परिसरों के आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों की निगरानी, जानकारी संकलन तथा रिपोर्टिंग का दायित्व सौंपने के आदेश का व्यापक विरोध शुरू हो गया है। जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता ने इस आदेश को शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ और शिक्षक गरिमा पर सीधा प्रहार बताते हुए कहा कि शिक्षकों की प्राथमिक भूमिका बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना, संस्कार प्रदान करना और भविष्य निर्माण करना है। शिक्षक समाज की रीढ़ हैं। राष्ट्र निर्माता हैं, कुत्तों की निगरानी करने वाले



कर्मचारी नहीं। कहा कि आवारा कुत्तों की निगरानी संबंधी आदेश तुरंत वापस लिया जाए, शिक्षकों को उनके कार्य पर केंद्रित होने दिया जाए, गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को चरणबद्ध रूप से मुक्त किया जाए, शिक्षा विभाग शिक्षक सम्मान और गरिमा की रक्षा सुनिश्चित करे। सरकार यदि वास्तव में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना चाहती है, तो शिक्षकों पर अनावश्यक बोझ डालने के बजाए उन्हें संसाधन, समय और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें। यह निर्णय अव्यावहारिक, अनुचित और शिक्षा के हितों के विपरीत है, जिसे तुरंत निरस्त किया जाना चाहिए।

## चोरीया में मितानिनों का साड़ी और श्रीफल भेंट कर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरीया में मितानिन दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में मनाया गया। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली मितानिनों के अथक परिश्रम और समर्पण को सम्मान देते हुए ग्राम पंचायत की ओर से उन्हें साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच हेमंत कुमार भास्कर ने कहा कि मितानिन केवल स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यकर्ता नहीं, बल्कि हर ग्रामीण परिवार की सबसे पहली सहयोगी हैं। प्रसूति, टीकाकरण, स्वास्थ्य परामर्श से लेकर आपात परिस्थितियों में तत्काल सहायता हर स्तर पर मितानिनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उप सरपंच गंगाराम भास्कर ने भी मितानिनों के समर्पण को सराहा और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में उनके योगदान को सबसे महत्वपूर्ण बताया। ग्राम पंचायत सचिव संतोष लोनहारे, रोजगार सहायक अवध मंडावी, कोटवार देवदास मानिकपुरी, लक्ष्मीकांत रामटेके और चमन सिंह नेताम ने भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। उपस्थित सभी मितानिनों ने सम्मान पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अपनी निष्ठा दोहराई। मितानिन दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने भी कहा कि गांव में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधारने और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में मितानिनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से मितानिनों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में वार्ड पंच हीरालाल भास्कर, कैलाश नेताम, हरेश कुमार यादव, तलेश कुमार यादव, कमलेश कुंजाम, मनूराम कोराम, महादेव शोरी, हरक राम नेताम, कैलाश कुंजाम, मंगली बाई बघेल, सतन भास्कर, दुलारी बाई कोराम, रेखा पटेल, दुर्गा कोराम, परममिता विश्वकर्मा, अहिल्या कोराम, जगेशवरी कोराम, गीता नेताम सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

**पुरस्कार वितरण में विधायक नीलकंठ टेकाम सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

# क्रिकेट स्पर्धा में कांकेर की टीम बनी विजेता

**फरसगांव/विश्रामपुरी।** कोण्डागांव जिले के विश्रामपूरी में आयोजित एमएलए ट्राफी ऑल इंडिया ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। अंतिम मैच नागपुर (महाराष्ट्र) और कांकेर (छत्तीसगढ़) के बीच खेल गया जिसमें कांकेर की टीम ने जीत हासिल किया।

विजेता टीम कांकेर को प्रथम पुरूस्कार 2 लाख और ट्राफी, उपविजेता टीम नागपूर को 1 लाख और ट्राफी दिया गया, साथ ही बेस्ट बैट्समैन, बॉलर, विकट कीपर, फिल्डर, कैच, व अन्य पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ली थी जिसमें लखनऊ, पुण>, नागपुर की 2 टीम, रायपुर की 2 टीम उड़ीसा की 01 टीम, केशकाल की 03 टीम, भवानीपटनम, कांकेर, जगदलपुर, बिलासपुर आने के स्थानीय विश्रामपुरी, की टीम भी शामिल रहे। इस प्रतियोगिता को देखने छग के साथ अन्य राज्य के दर्शक बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे।




ऑल इंडिया ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए समिति के छोटे से लेकर बड़े सभी ने, ग्रामीणों ने, स्कूल के बच्चों ने अपना सहयोग दिया। समिति के गौरव, विवेक भाई, नेमीचंद, रवींद्र पांडे, किशन ध्रुव, मनोज कुशवाहा, हेमंत साहू, अनीश भाई, विनय सर, संजय नेताम (आमाडीही), जफर भाई, हितेश, शत्रु (बवानपुरी)और मीडिया से शेष नारायण, ताराचंद सेठिया, प्रकाश नाग, इन सभी ने किसी ना किसी तरीके से अपना बहुमूल्य समय दिया और समिति से जुड़े रहे।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम,राज्य पिछड़ा आयोग सदस्य किशनलाल पाण्डे,भाजपा जिला उपाध्यक्ष आकाश मेहता, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष-अंजोरी राम नेताम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता नेताम, गीतेश पांडे, महादेव मोटर्स,संचालक,भाजपा मंडल अध्यक्ष मंन्नाराम मरकाम, प्रशांत पात्र नगरपंचायत अध्यक्ष फरसगांव, वीरेंद्र बघेल युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, भूपेश चंद्राकर पार्षद केशकाल, सुरेंद्र मरकाम,जीवनदास मानिकपुरी महामंत्री, लखन नेताम, दुखाराम मरकाम सरपंच विश्रामपुरी (ब) पुष्पा चादेकर, छत्तीसगढ़ गौरव शार्दुल छत्तीसगढ भाजपा युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य, क्रिकेट संघ कोषाध्यक्ष के साथ समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गणमान्य नागरिक कर्मचारी अधिकारियों के साथ पुलिस प्रशासन का अच्छा तालमेल रहा। इस कार्यक्रम के फाइनल मैच में एंजिला व वीरेंद्र दीवान ने शानदार कोमेंट्री किया।

## हुतात्मा दिवस पर विहिप व बजरंग दल ने रक्तदान शिविर किया



**पखांजूर।** राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण भाव से सेवा देने वाले वीरों की याद में मनाए जाने वाले हुतात्मा दिवस के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल प्रखण्ड पखांजूर ने एक प्रेरणादायक कदम उठाया है। विहिप के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बजरंग दल प्रखण्ड पखांजूर द्वारा एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय लोगों और युवाओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया, जिसमें युवा ब्लड डोनर फाउंडेशन पखांजूए का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हुतात्मा दिवस पर राष्ट्र और धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और उनके समर्पण भाव को सेवा कार्य के माध्यम से आगे बढ़ाना था। इस अवसर पर बजरंग दल इकाई के सदस्यों और स्थानीय लोगों की गरिमामय उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर को सफल बनाने में बजरंग दल और युवा ब्लड डोनर फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान रोशन बराई, निलेश गाईन, अमित मंडल, राहुल सरकार, सौरभ दास साथ ही युवा ब्लड डोनर फाउंडेशन के अमित बिश्वास और धीरज बरई भी उपस्थित रहे। यह रक्तदान शिविर न केवल हुतात्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि थी, बल्कि यह सामाजिक सेवा और रक्त की कमी को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास भी साबित हुआ।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं मितानिन दीदियां

**अंतागढ़।** ग्राम पंचायत कलगांव में मितानिन दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना कर की गई। सरपंच द्वारा सभी मितानिन बहनों को रजाई एवं वस्त्र व फल भेंट कर सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम के दौरान सरपंच प्रमिला नरेन्द्र नाग ने कहा कि मितानिन बहनें हमारे गाँव की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। आपने मानव सेवा में जो महत्वपूर्ण योगदान दिया है वह अतुलनीय है। भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ गांव को जागरूक और स्वस्थ बनाने में अपनी भूमिका निभाती रहें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपसरपंच मनराज पटेल, संदेश गावडे, अयज चक्रधारी, अनिता गावडे, मितानिन सुमित्रा नाग, सावेत्री पटेल, विमला गावडे, शशीकला नरेटी, सावित्री नाग, गीता कोरेटी, अहिल्या पटेल, जानकी गावडे, रत्तोबाई दुग्गा, सुक्कोबाई गावड़े, कौशिल्या, पूनम पटेल व अन्य उपस्थित रहें।

### जिला स्तरीय पशु मेला का आयोजन 26 से

**कांकेर।** पशुधन विकास विभाग के तत्वाधान में जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन 26 नवम्बर बुधवार को दोपहर 12 बजे से कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तेलावट में किया जाएगा। उक्त पशु मेला के मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम होंगे। विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत के अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जिला पंचायत के कृषि स्थायी समिति के सभापति दिपांकर राय एवं जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर, जनपद पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति राजेशवरी नेताम और जनपद सदस्य नीतेश सलाम उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच लक्ष्मी चिराम द्वारा की जाएगी।

### कांग्रेस छग प्रभारी पायलट का कांकेर आगमन 26 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में चल रहे एसआईआर को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर की समीक्षा बैठक लेने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत का आगमन राजीव भवन में 26 नवबंर को होगा। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय प्रभारी लोमेंद्र यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट के द्वारा जिला कांकेर में चल रहे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की पारदर्शिता के लिए सेक्टर,मंडल,ब्लॉक, जिला एवं वरिष्ठजनों से आवश्यक चर्चा करेंगे।



### अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, तीसरे दिन भी नहीं बनी सहमति



**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत झिटकाटोला के ग्रामीणों द्वारा कलवर माइंस में अपनी मांगों लेकर शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार तीसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों और प्रबंधन के बीच सहमति बनाने के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया, जिसमें तहसीलदार, बीएसपी के कर्मचारी और कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए। घंटों चली चर्चा के बावजूद दोनों पक्षों के बीच कोई समझौता नहीं हो सका, जिसके चलते गतिरोध बना हुआ है। यह दूसरी बार है जब ग्रामीणों को हड़ताल पर जाना पड़ा है। ग्रामीणों ने पहले 18 अक्टूबर से 6 नवंबर तक हड़ताल किया था, उस समय बीएसपी ने समाधान के लिए 10 दिन का समय मांगा था, लेकिन सहमति नहीं बन पाई थी।

---

धान खरीदी

**खरीदी सुचारू रूप से जारी किसानों को मिली राहत**

# हड़ताल समाप्त, अमोड़ा केंद्र में 1089 क्विंटल धान खरीदी, किसानों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम अमोड़ा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अंततः पुनः प्रारंभ हो गई। लैम्प्स कर्मचारियों की लगातार हड़ताल के कारण कई दिनों से रुकी हुई खरीदी शुरू होते ही किसानों में राहत और उत्साह का माहौल देखने को मिला। लंबे इंतजार के बाद आज खरीदी शुरू होने पर बड़ी संख्या में किसान सुबह से ही केंद्र में धान लेकर पहुंचे। धान खरीदी केंद्र अमोड़ा में कुल 1089 क्विंटल धान के टोकन कटे, जिनकी सुचारु रूप से खरीदी की गई। कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। तौल केंद्र बंद रहने, परिवहन में देरी और धान सुरक्षित रखने की चिंता में किसान लगातार परेशान थे। ऐसे में खरीदी शुरू होना किसानों के लिए एक बड़े राहत समाचार की तरह रहा। किसानों ने खरीदी प्रारंभ होने पर सहकारी समिति अमोडा के कर्मचारियों का गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया। किसानों का कहना था कि धान खरीदी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए इसका समय पर प्रारंभ होना बेहद आवश्यक है। केंद्र के कर्मचारियों ने भी किसानों को आश्वस्त किया कि खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता, सुचारु व्यवस्था और निर्धारित नियमों के अनुसार कराया जाएगा। खरीदी शुरू होने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रूप से बेचने का अवसर मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के किसान सुरेश पटेल, संजू सलाम, रामप्रसाद, सुनील कोर्राम, द्वारका प्रसाद, उकेश मरकाम, रविन्द्र कावड़े, लालचंद, घनश्याम कावड़े, शिवचरण सलाम, जोगीत राम सलाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि खरीदी प्रारंभ होने से उनके चेहरे पर फिर से मुस्कान लौट आई है और अब उन्हें उम्मीद है कि आगे से खरीदी नियमित रूप से चलती रहेगी।

### जिले में अब तक 26713 क्विंटल धान की खरीदी

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर 15 नवंबर से धान की खरीदी की जा रही है। इसके तहत जिले के सभी 149 उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी तेजी से चल रही है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने धान खरीदी के संबंध में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम तथा संबंधित विभागों द्वारा समय समय पर जारी आदेशों एवं निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी, सीसीबी तथा नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को दिए हैं। अनुविभागीय अधिकारियों और प्रत्येक उपार्जन केन्द्र के लिए नियुक्त किए गए केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि जिले के किसानों से धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित एवं निर्बाध रूप से किया जाए। इसके अलावा अवैध रूप से धान का परिवहन एवं विक्रय न हो इसके लिए सभी चेकपोस्ट में बारीकी से निगाह रखने के भी निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जिला खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक कुल 26713.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें 24392 क्विंटल मोटा धान तथा 2321 क्विंटल पतला धान सम्मिलित है।

## ऑनलाइन टोकन व कर्मचारियों की व्यवस्था से किसान गदगद



**पखांजुर।** बड़े कापसी लेंपस अंतर्गत धान खरीदी केंद्र ग्राम पीव्ही8 चाणक्यपुरी में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से शुरू हो गई है। पहले ही दिन 124 क्विंटल धान की खरीदी की गई, जिससे क्षेत्र के किसानों में उत्साह का माहौल है। इस बार शासकीय कर्मचारियों की देखरेख में खरीदी होने से किसान बेहद संतुष्ट और आश्वस्त हैं। पीव्ही 114 के जिन किसानों ने ऑनलाइन टोकन लिया था, उन्होंने नियत तिथि पर केंद्र पहुंचकर अपनी उपज बेची। ऑनलाइन प्रणाली से पारदर्शिता और सुविधा मिलने पर किसान खुश हैं। किसानों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य मिला है, जिससे उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही है। इस वर्ष शासकीय कर्मचारियों द्वारा धान खरीदी किए जाने के फैसले से किसान अत्यधिक प्रसन्न हैं। उनका कहना है कि इस नई व्यवस्था से उन्हें पूर्ण भरोसा और विश्वास है कि खरीदी प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारू रूप से चलेगी। ऑनलाइन टोकन व्यवस्था से किसानों का समय बचा है। सबसे बड़ी बात, शासकीय कर्मचारियों की उपस्थिति से उन्हें पिछली समस्याओं से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। किसान ने बताया कि इस बार सरकारी लोग खुद खरीदी कर रहे हैं, इससे हमें बहुत तसल्ली है। अब हमें किसी प्रकार की गड़बड़ी का डर नहीं है और भुगतान भी समय पर होने की पूरी उम्मीद है। धान खरीदी की शुरुआत में ही 124 क्विंटल की खरीदी होना दिखाता है कि प्रशासन की तैयारियां पुख्ता थीं। ऑनलाइन टोकन और शासकीय कर्मचारियों को खरीदी कार्य में लगाने का उद्देश्य किसानों को एक पारदर्शी और सरल अनुभव प्रदान करना था, जो पहले दिन की रिपोर्ट से सफल होता दिख रहा है।

## लोहत्तर में धान खरीदी केंद्र बदहाली सरकार की नाकामी उजागर : कांग्रेस



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम लोहत्तर के धान खरीदी केंद्र में किसानों की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों की परेशानियों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर उन्होंने सरकार और संबंधित अधिकारियों पर तीखा सवाल खड़ा किया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों की समस्याओं में निरंतर वृद्धि हुई है। किसानों को उनकी उपज के उचित मूल्य, समय पर खरीदी और सुचारू प्रबंधन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आचला ने कहा कि विष्णुदेव सरकार के आदेशानुसार 15 नवंबर को धान खरीदी प्रारंभ होनी थी, लेकिन लोहत्तर केंद्र का उद्घाटन 20 नवंबर को किया गया। इसके बावजूद एक भी किसान का एक दाना धान नहीं खरीदा गया है। यह स्थिति किसानों के साथ खुला अन्याय है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल दिखावा करती है। उद्घाटन मात्र औपचारिकता बनकर रह गया, जबकि किसानों का धान धान-खरीदी केंद्र पर ढेरों परेशानियों के बीच पड़ा हुआ है। सुशासन के नाम पर सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुँह मोड़ रही है और वास्तविकता में किसानों को कुशासन का दंश झेलना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान किसानों ने भी अपनी समस्याएँ कांग्रेस पदाधिकारियों के समक्ष रखीं। किसानों का कहना है कि केंद्र में न तो पर्याप्त व्यवस्था है, न ही खरीदी प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट निर्देश। इससे वे रोजाना घंटों परेशान होकर लौट रहे हैं। वहीं संबंधित अधिकारी स्थिति पर मौन बने हुए हैं। यह चुप्पी किसानों के प्रश्नों से अधिक सरकार की असफलता को उजागर करती है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस दौरान नीरज कोसमा, ढालसिंग पात्र, दीनदयाल पटेल, पुरुषोत्तम देहारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तुंहर टोकन ऐप से बढ़ी परेशानी, टोकन कटवाना हुआ मुश्किल

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के चालू सत्र के बीच किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए टोकन कटवाने में गंभीर तकनीकी दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा जारी किसान तुहर टोकन के उपयोग के दौरान कई किसान पर्सिंग एरर और एरर कोड 503 जैसी त्रुटियों से जूझ रहे हैं, जिससे दुर्गुकोंदल क्षेत्र के किसानों के लिए टोकन कटवाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। उन्हे मंडियो तक धान ले जाने के लिए आवश्यक टोकन नहीं मिल पा रहे हैं।




क्षेत्र के किसान लगातार शिकायत कर रहे हैं कि जब भी वे ऐप पर टोकन के लिए पंजीकरण करने का प्रयास करते हैं, तो स्क्रीन पर पर्सिंग एरर के साथ इरर कोड 503 सर्विस उनेवेलेबल प्रदर्शित होता है। एक स्थानीय किसान ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि हम लगातार दो दिनों से रात-दिन कोशिश कर रहे हैं, लेकिन टोकन नहीं कट रहा है। यह इरर कोड़ 503 बार-बार आ रहा है। धान की कटाई हो चुकी है और अब इसे सुरक्षित रखने की चिंता सता रही है, लेकिन टोकन के बिना धान बेचना संभव नहीं है। हमारा सारा काम इस ऐप पर अटक गया है। यह सीधे तौर पर किसानों के टोकन कटवाने की प्रक्रिया को बाधित कर रहा है। ऐप में तकनीकी खराबी के चलते, टोकन कटवाने के लिए किसान मजबूरन सहकारी समिति केंद्रों की ओर रुख कर रहे हैं। इससे समिति केंद्रों पर किसानों की भीड़ बढ़ गई है और मैनुअल काम का बोझ भी बढ़ गया है, जिससे पूरी प्रक्रिया धीमी हो गई है।

क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि या तो सर्वर को तुरंत ठीक किया जाए, या टोकन वितरण की प्रक्रिया को अस्थायी रूप से पूरी तरह से ऑफलाइन किया जाए, ताकि उनकी उपज समय पर बेची जा सके और उन्हें आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। दुर्गुकोंदल के किसान जल्द से जल्द इस समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे।

---

# रेलवे ओवरब्रिज की सुंदरता व सुरक्षा खतरे में, महीनों से बंद हैं क्रेडा विभाग की लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगर की यातायात व्यवस्था और सुंदरता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भानुप्रतापपुर-सम्बलपुर मार्ग स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर इन दिनों अंधेरा और गंदगी पसरी हुई है, जिससे स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है। क्रेडा विभाग द्वारा ओवरब्रिज पर लगाई गई स्ट्रीट लाईट पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं, जिसने न केवल रात के समय पुल की सुंदरता को खत्म कर दिया है, बल्कि सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह ओवरब्रिज सुबह और शाम को सैर करने वालों का मुख्य मार्ग है।

लाइट्स बंद होने के कारण घुप अंधेरे में लोगों को असुरक्षित महसूस होता है, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को। महीनों से लाइटें बंद हैं। सुबह की सैर के समय इतना अंधेरा होता है कि डर लगता है। ऐसा लगता है जैसे अधिकारियों का ध्यान ही नहीं है। स्थानीय नागरिक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अंधेरे के साथ-साथ, ओवरब्रिज के किनारे भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा जमा हो गया है। इस गंदगी के कारण पैदल चलने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कूड़े के कारण फिसलन और दुर्गंध की समस्या भी बढ़ गई है। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन क्रेडा विभाग और नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं है। नगर की सुंदरता और नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर अधिकारियों की यह उदासीनता हैरान करने वाली है। नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है कि बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को तुरंत चालू किया जाए और ओवरब्रिज के किनारे जमा कूड़े-कचरे को हटाकर साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा और सुविधा बहाल हो सके।



### फुटबाल में पखांजूर ने कापसी को हराकर जीता खिताब

**पखांजुर।** ग्राम पंचायत एसेबेड़ा के ग्राम विद्यानगर में किशोर संघ क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का समापन 23 नवंबर को एक रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। इस कड़े मुकाबले में पखांजुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कापसी की टीम को 1–0 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच अत्यंत प्रतिस्पर्धी रहा, जिसका फैसला खेल के अंतिम दो मिनट में हुआ। पखांजुर के खिलाड़ी को मिले कॉर्नर शॉट को उन्होंने गोल में बदलकर अपनी टीम को विजयी बना दिया। तीन दिवसीय खेल आयोजन के दौरान प्रत्येक शाम को ग्राम के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। मुख्य अतिथि रूपसिंह पोटाई उपस्थित रहें। प्रतियोगिता निर्यायक श्रीकांत मंडल और रोहित बोस रहें। आयोजन को सफल बनाने में क्लब के सदस्य निमाई चौधरी, अनूप मजूमदार, पिंटू पोद्दार, विश्वजीत राय, विलास मुखर्जी, संजीत विश्वास, अनुपम अधिकारी, संजय बिस्वास, सूरज बैरागी सहित गांव की महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सीजी पीएससी में चयनित जिले के 7 युवकों का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2024 की अंतिम चयन सूची जारी की गई है, जिसमें जिले के सात अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। जिले के कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला प्रशासन की अभिनव पहल मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग सेंटर तथा सेंट्रल लाइब्रेरी कांकेर में सफलता प्राप्त करने वाले जिले की प्रतिभाओं का सम्मान आज किया गया। जिले से कुल सात अभ्यर्थियों का चयन सीजीपीएससी में हुआ है। कांकेर जिले से कमल कुमार ठाकुर का चयन नायब तहसीलदार पद पर हुआ है। इसके पहले वे पटवारी के पद पर जिले में ही पदस्थ थे। इसी तरह आशीष कुमार जुर्री और ग्राम सिदेसर की रीना कोमरा, नरहरपुर विकासखंड के रिखीराम नेताम का चयन आबकारी उप निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है। इसके अलावा श्रवण कुमार मेरिया जैसाकर्रा चारामा का चयन वाणिज्यिक कर निरीक्षक के पद पर हुआ है।

सम्मान समारोह के उद्बोधन कलेक्टर ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए मावा मोदोल संस्थान के विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और आगामी परीक्षा के लिए कारगर रणनीति अपनाते हुए मेहनत, लगन और विषयवार अध्ययन करने की सलाह दी और साथ ही उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि महाराष्ट्र पीएससी में पहले प्रयास में ही उनका भी चयन डिप्टी कलेक्टर के पर पर हुआ था तथा बाद में और अधिक मेहनत कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने भी सभी प्रतिभाओं एवं उनके पालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला प्रशासन निरंतर क्षेत्र के युवाओं को आगे लाकर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए मावा मोदोल के माध्यम से प्रतिबद्ध रूप से कार्य कर रहा है।

---

मितानिन दिवस मनाया और मितानिनों के कार्य की तारीफ की

# मितानिनों का साड़ी एवं श्रीफल देकर किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



ग्राम पंचायत सरोना में मितानिन दिवस के अवसर पर एक भव्य और सम्मानजनक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गांव की सभी मितानिन बहनों के अथक सेवाभाव और निष्ठा को नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद उपस्थित मितानिन बहनों ने एक स्वर में पारंपरिक मितानिन गीत प्रस्तुत किया, जिसने समारोह के वातावरण को भावपूर्ण और प्रेरणादायी बना दिया। आयोजित कार्यक्रम में सरपंच दीपिका वट्टी, उपसरपंच दिनेश सहारे और पंचायत के पंचों ने सभी मितानिन बहनों को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सरपंच दीपिका वट्टी ने कहा कि मितानिन बहनें गांव की प्रथम स्वास्थ्य सहयोगी होती हैं, जो किसी भी बीमार व्यक्ति के घर सबसे पहले पहुंचकर प्राथमिक उपचार और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि मितानिनों के समर्पण से ही गांव के स्वास्थ्य परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। सरपंच दिपिका वटी ने मितानिनों से गांव में मौजूद बीमारियों, स्वास्थ्य चुनौतियों और लोगों की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सभी मितानिन बहनों ने क्रमवार गांव में फैल रही मौसमी बीमारियों और परिवारों की स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने यह भी बताया कि गंभीर स्थिति में वे तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सूचित करती हैं और 108 एम्बुलेंस की मदद से मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जाता है। मितानिनों ने यह भी उल्लेख किया कि वे स्वास्थ्य जागरूकता, टीकाकरण अभियान, प्रसूति देखभाल तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को निरंतर पूरी निष्ठा के साथ निभाती आ रही हैं। उपसरपंच दिनेश सहारे ने कहा कि मितानिनें न केवल स्वास्थ्य सेविकाएं हैं बल्कि गांव की सामाजिक स्वास्थ्य संरचना की मजबूत कड़ी भी हैं। उनकी प्रतिबद्धता और तत्परता के कारण कई गंभीर बीमारियों को समय पर नियंत्रित किया जा सका है और अनेक परिवारों को सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

### मितानिन और प्रेरकों को किया सम्मानित



**दुर्गुकोंदल।** मितानिन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कोंडे के आश्रित गांवों के मितानिन और प्रेरकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा, सरपंच प्रेम पुड़ो व उपसरपंच शंकर जैन ने कहा कि मितानिनों ने निः स्वार्थ कार्य कर गांवों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाए हैं। इन्हीं के मेहनत से सुरक्षित प्रसव, मृत्यु दर में कमी आई है, बीमार होने पर बैगा, सिरहा के पास पहुंचने वाले लोग सीधे उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं एवं अंधविश्वास खत्म हो रहा है। मितानिनों का कार्य सराहनीय है। सिर्फ कार्यक्रम से ट्रेनिंग लेकर समाज स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का श्रेय मितानिनों को जाता है। कुछ मितानिन अनपढ़ हैं, इसके बावजूद जन-जागरूकता लाने में पूरी ईमानदारी से मेहनत किया है। लोग बीमार पड़ने पर बैगा गुनिया के पास जाते थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्री सुशील सरकार (Sushil Sarkar) पिता स्व. सुनिल सरकार, उम्र-34 वर्ष, पता ग्राम पाड़ेंगा, नया पारा, पोस्ट-पाड़ेंगा, तहसील बांदे, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) का निवासी हूँ, मैं अपने पुत्र का नाम पुराना नाम सुजल सरकार का त्याग कर नया नाम सुजन सरकार (Sujan Sarkar) रख लिया हूँ।

अतः आज से मेरे व परिवार के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम सुजन सरकार (Sujan Sarkar) पिता सुशील सरकार से ही जाना पहचाना जावें।

पुराना नाम- सुजल सरकार (Sujal Sarkar) पिता सुशील सरकार (Sushil Sarkar)

नया नाम- सुजन सरकार (Sujan Sarkar) पिता सुशील सरकार (Sushil Sarkar)

आज दिनांक 19.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.), पखांजूर


भोजराज नाग
विक्रम उसेंडी
भरत मटियारा
शालिनी राजपूत
यशवंत जैन
महेश जैन
संजय पाण्डेय
राकेश यादव
रामू रोहरा
ब्रम्हानंद नेताम
राजा दीवान
रजनीश शुक्ला
अरुण कौशिक
निखिल राठौर
टेकेश्वर जैन
सतीश लाटिया
आलोक ठाकुर
किरण उसेंडी
संजय रजक
सुब्रत चाको
जीवेत शरद: शतम्...
छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी उपमुख्यमंत्री एवं कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री
मा. अरुण साव जी को जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Birthday
मा. नंदकुमार ओझा जी
पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत चारामा
मा. अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री (छ.ग. शासन)
मा. आशाराम नेताम जी
विधायक, कांकेर
मा. उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन
अरूण साव जी के जन्मोत्सव में
आप श्री सादर आमंत्रित...
दिनांक- 25 नवंबर 2025
अरुण साव फ्रेंड्स क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम
-: कार्यक्रम :-
• सुबह- 6.30 डबरी दाई तालाब सफाई व महापुरूषों की प्रतिमा माल्यार्पण कार्यक्रम
• गायत्री मंदिर चारामा में 1 कुण्डीय गायत्री यज्ञ (मंत्री जी की दीर्घायु हेतु)
• शास. रानी दुर्गावती स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान कार्यक्रम 12 बजे, फल व कम्बल वितरण
• सभी शास. स्कूलों में न्योता भोज कार्यक्रम 1 बजे
• वृद्धाश्रम (नंदनमारा) में कंबल, बेडशीट, साबुन, तेल वितरण 2 बजे
• हनुमान मंदिर चारामा में प्रसादी वितरण कार्यक्रम शाम 7 बजे
• शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान में सम्मानित लोकगायक हिरेश सिन्हा जी का सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्र 8 बजे
कार्यक्रम स्थल गरबा समिति
गायत्री मंदिर के पास चारामा
अशोक बलेचा
रवि तिवारी
अजय मंडावी
विजय मंडावी
जागेश्वरी भास्कर
ओमप्रकाश साहू
हेम मंडावी
संतोष नाहर
अंजू सोनकर
मनोज जैन
लोकेश सोनकर
संदीप मेश्राम
अजय जगवानी
भोजराज सोनी
सुरेश सबनानी
प्रियेश सेन
बसंत सोनकर
भागीराम साहू
ढाल सिंह सिन्हा
उमा शर्मा
परमानंद साहू
तेजेश्वरी सिन्हा
दीपांकर सिन्हा
खुशी जोतवानी
प्यारे देवांगन
संतोष ओझा
धर्मेंद्र कुंजाम
रजनी यादव
दीपक सोनकर
सत्येन्द्र गुप्ता
जयश्री सिन्हा
अमृत सिन्हा
जगदीश साहू
करन निर्मलकर
आयुष श्रीवास्तव
राजू सोनकर
विनीत- अरूण साव फ्रेंड्स क्लब चारामा, जिला- कांकेर